# डेली संवाद

संपादक - अशोक सिंह भारत | जालंधर, 13 मई, 2020 dailysamvad.com Email: dailysamvad@gmail.com







## एक नजर

### अमरिंदर ने दी संशोधित आबकारी नीति को मंजूरी
### रंधावा ने घाटे की जांच की मांग कर गरमाया चीफ सैक्रेट्री का मुद्दा




**चंडीगढ़:** पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरेन्द्र सिंह ने बुधवार को आबकारी नीति 2020-21 को मंजूरी दे दी है। बता दें कि पंजाब कैबिनेट ने सोमवार को ही मुख्यमंत्री को संशोधित नीति पर निर्णय लेने के लिए अधिकृत कर दिया था। दूसरी तरफ, जेल एवं सहकारिता मंत्री सुखजिंदर सिंह रंधावा ने आबकारी विभाग में तीन सालों हुए घाटे की जांच की मांग कर चीफ सैक्रेट्री को लेकर विवाद एक बार फिर गर्म कर दिया है। आज आबकारी नीति को मंजूरी के साथ-साथ कर्फ्यू के कारण 36 दिन के नुकसान और 22 मार्च से तालाबंदी के कारण ठेकेदारों के 9 दिन के मुआवजे को भी मंजूरी दे दी गई।

### सज्जन कुमार को झटका
### सुप्रीम कोर्ट ने टाली जमानत याचिका पर सुनवाई



**नई दिल्ली :** 1984 सिख विरोधी दंगा मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे कांग्रेस के पूर्व नेता सज्जन कुमार को बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट से बुधवार को सज्जन कुमार की जमानत याचिका पर सुनवाई को टाल दिया। सर्वोच्च अदालत अब इस याचिका पर जुलाई में विचार करेगी। बता दें कि इससे पहले, 30 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व कांग्रेस पार्षद बलवान खोखर की याचिका पर सीबीआई से जवाब मांगा था। साल 1984 के सिख विरोधी दंगा मामले में खोखर आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं।

### चीन ने धमकाया इसलिए डब्ल्यूएचओ ने सही समय पर नहीं दी कोरोना की चेतावनी



**वाशिंगटन :** कोरोना वायरस महामारी के बढ़ते प्रकोप के बीच एक बड़ी खबर सामने आ रही है। अमेरिकी खुफिया एजेंसी CIA के पास सबूत है कि चीन के डराने-धमकाने की वजह से ही वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन ने वक्त रहते दुनिया को कोरोना वायरस की चेतावनी जारी नहीं की। चीन ने धमकी दी थी कि अगर WHO ने जल्दबाजी में कोई अलर्ट जारी नहीं किया तो उसे कोरोना की जांच में शामिल नहीं किया जाएगा।

# छोटे उद्योगों पर मोदी सरकार की धनवर्षा, बिना गारंटी तीन लाख करोड़ तक का लोन

**डेली संवाद, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मंगलवार को घोषित 20 लाख करोड़ रुपये के राहत पैकेज के बारे में आज वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विस्तार से बताया। उन्होंने बुधवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत लघु एवं कुटीर उद्योगों (एमएसएमई) को तीन लाख करोड़ रुपये का लोन दिया जाएगा।




एमएसएमई के लिए सरकार छह कदम उठाएगी। वित्त मंत्री ने कहा कि 31 अक्तूबर 2020 से एमएसएमई को लोन की सुविधा मिलेगी। बिना गारंटी के 3 लाख करोड़ तक का लोन दिया जाएगा और 45 लाख एमएसएमई को इसके तहत फायदा होगा। इन्हें एक साल तक मूल धन नहीं चुकाना होगा। तनाव वाली एमएसएमई को 20,000 करोड़ का कर्ज दिया जाएगा। सीतारमण ने बताया कि जो लोन दिया जाएगा उसे चार सालों में चुकाना है। यह 31 अक्टूबर 2020 तक वैलिड है। वित्त मंत्री ने कहा कि रूस्रूश्व देश की रीढ़ है और यह सेक्टर 12 करोड़ लोगों को रोजगार देता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि एमएसएमई यानी सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग की परिभाषा बदल दी गई है। इसमें निवेश की लिमिट में बदलाव किया गया है। 1 करोड़ निवेश या 10 करोड़ टर्नओवर पर सूक्ष्म उद्योग का दर्जा दिया जाएगा। वित्त मंत्री ने कहा कि अच्छा कर रहे एमएसएई के लिए फंड ऑफ फंड्स का प्रावधान किया गया है। इसके तहत 50,000 का प्रावधान किया गया है। इससे इन इकाइयों को आकार और क्षमता बढ़ाने का अवसर मिलेगा।

उल्लेखनीय है कि पीएम नरेंद्र मोदी ने 12 मई को देश को संबोधित करते हुए 20 लाख करोड़ रुपये के पैकेज का ऐलान किया था। उन्होंने कहा था कि आत्मनिर्भर भारत पैकेज का फोकस लैंड, लिक्विडिटी, लेबर और लॉ पर होगा।

## जालंधर के सिविल अस्पताल में कोरोना मरीजों की 'गांधीगीरी'

**डेली संवाद, जालंधर**

जालंधर के सिविल अस्पताल में कोरोना के मरीजों ने आज भूख हड़ताल किया। उनकी मांग है कि जब अमृतसर में भर्ती लोगों को डिस्चार्ज किया जा रहा है, तो जालंधर में भर्ती लोगों को घर क्यों नहीं भेजा जा रहा है।



सिविल अस्पताल में भर्ती गोपाल खोसला ने बताया कि अमृतसर के अशोक गरेवाल के मुताबिक गुरुनानक अस्पताल में 12 दिन में दो बार टेस्ट करके घर भेज दिया गया। लेकिन जालन्धर में 14 दिनों से कोई सुनवाई नही हुई। जबकि केन्द्र सरकार की गाइड लाइन है कि मरीज को 10 दिन हो गये हैं, तो बिना टेस्ट घर भेज दिया जाए। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार इस गाइड लाइन पर अमल नहीं कर रही। भूख हड़ताल में गोपाल खोसला, नरेश बतरा, जितेन्दर, प्रदीप, प्रेम, घनश्याम, हरजेश, सत्यम, कमलजीत, परन कुमार, गुरमीत, मनीषा, सीमा, भुषण, अजय, ज्योति, रोहित, कुलजिन्दर रवि आदि सभी ने शामिल होकर सरकार से मांग की।

# देश में कोरोना वायरस के 75000 के करीब मामले

## पिछले 24 घंटे में 2000 मरीज ठीक हुए



**डेली संवाद, नई दिल्ली**

देशभर में कोरोना वायरस से संक्रमित मरीजों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, पिछले 24 घंटे में 3525 नए मामले सामने आए हैं और 122 लोगों की मौत हुई है। जबकि पिछले 24 घंटे में तकरीबन 2000 मरीज ठीक भी हुए हैं। इसके साथ ही देशभर में कोरोना पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 74,281 हो गई है, जिनमें 47,480 सक्रिय हैं, 24,386 लोग स्वस्थ हो चुके हैं या उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है और 2415 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, आज राजस्थान में 152, आंध्र प्रदेश में 48, कर्नाटक में 26 नए मामले दर्ज किए गए हैं।

### दिल्ली : अम्बेदकर हॉस्पिटल के 106 हेल्थ कर्मी कोरोना पॉजिटिव

**नई दिल्ली:** देशभर में कोरोना वायरस से संक्रमित मरीजों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले 24 घंटे में 3525 नए मामले सामने आए हैं और 122 लोगों की मौत हुई है। वहीं, देश में अब भी अंडमान निकोबार, अरुणाचल प्रदेश, गोवा, मणिपुर और मिजोरम कोरोना मुक्त राज्य बने हुए हैं। वहीं दूसरी तरफ दिल्ली में पॉजिटिव केसों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। जानकारी के अनुसार यहां के डॉक्टर बाबा साहेब अम्बेदकर हॉस्पिटल के 106 हेल्थ स्टाफ कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। माना जा रहा है कि हॉस्पिटल प्रबंधन संदिग्ध मामलों को अलग करने में विफल रहा। इस कारण इतनी बड़ी संख्या में हॉस्पिटल में काम करने वाले स्वास्थ्यकर्मी इस खतरनाक वायरस की चपेट में आ गए। दिल्ली के किसी भी हॉस्पिटल के स्वास्थ्य सेवा के कर्मचारियों के बीच संक्रमण की यह सबसे अधिक संख्या है। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने बताया कि दिल्ली में पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 7,998 है।

## मोदी की अपील पर सबसे पहले शाह ने किया अमल, सीएपीएफ कैंटीन में बिकेंगे अब सिर्फ स्वेदशी उत्पाद

**डेली संवाद, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर कल की गई आत्मनिर्भर बनने और लोकल उत्पाद का इस्तेमाल करने की अपील का असर दिखने लगा है। सबसे पहले केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इसे लेकर बड़ा फैसला किया है। गृह मंत्रालय ने निर्णय लिया है कि अब सभी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (ष्टक्कस्न) की कैंटीन पर सिर्फ स्वदेशी उत्पादों की ही बिक्री होगी। ये आदेश देशभर की सभी कैंटीनों पर 1 जून से लागू हो जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने खुद ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है। अनुमान लगाया जा रहा है कि इससे लगभग 10 लाख सीएपीएफ कर्मियों के 50 लाख परिजन स्वदेशी सामान का उपयोग करेंगे। बता दें कि ने पीएम मोदी ने कोरोना वायरस महामारी के बीच जारी लॉकडाउन से उपजे हालात को अवसर में बदलने का मौका बताया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया की मौजूदा परिस्थिति भारत के लिए एक अवसर बन सकती है, ऐसे में हमें आत्मनिर्भर बनना है।

### भारत बनेगा 'सुपर इकोनॉमिक पावर': नितिन गडकरी

**नागपुर :** केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्री नितिन गडकरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से घोषित किये गये आर्थिक पैकेज की सराहना करते हुए बुधवार को कहा कि यह देश को एक उत्कृष्ट आर्थिक शक्ति (सुपर इकोनॉमिक पावर) के रूप में उभरने में मदद करेगा। गडकरी ने कहा, लगभग 11 करोड़ कर्मचारियों को इस पैकेज के जरिये राहत दी गई है जो राष्ट्र को एक बड़ी आर्थिक शक्ति बनने की ओर अग्रसर करेगा।

## चीनी हेलीकॉप्टरों की उड़ान के बाद लद्दाख में अलर्ट, 1962 वाले मोर्चे पर चीन ने लगाए टैंट

**डेली संवाद, नई दिल्ली**

भारत और चीन सीमा पर तनाव के बीच पूर्वी लद्दाख में पैंगोंग त्सो झील क्षेत्र में देशों की सेना एक-दूसरे पर कड़ी निगरानी बनाए हुए है। भारतीय सेना चीनी सैनिकों की हर हरकत पर नजर रखे हुए है और लद्दाख में अलर्ट है। रिपोर्ट्स में पता चला था कि चीन की पीएलए ने 1962 की जंग के एक पुराने पड़ाव गलवान नदी के पास टेंट लगाया है



और देमचोक क्षेत्र में निर्माण शुरू कर दिया।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार तीन हफ्ते हो गए हैं यह क्षेत्र तनावपूर्ण बना हुआ है। हालांकि अधिकारियों का मानना है कि स्थापित संवाद चैनलों के जरिए हालात को धीरे-धीरे नियंत्रण में लाया जाएगा। सेना ने कहा कि अस्थायी और छोटी अवधि के फेस ऑफ होते हैं क्योंकि भारत-चीन का सीमा विवाद अब तक हल नहीं हुआ है। रक्षा सूत्रों का कहना है कि 1962 में चीनी आक्रमण के गवाह बने गलवान नदी के इलाके में हाल ही में भारत-चीन के सैनिक आमने-सामने हुए थे।

# ट्रेनों की आंशिक बहाली के बाद अब प्लेन भी भरेंगे उड़ान, करना होगा इन शर्तों का पालन

**डेली संवाद, नई दिल्ली**

कोरोना संकट के चलते ठप पड़ी ट्रेनों की आंशिक बहाली के बाद अब सरकार जल्द ही घरेलू हवाई उड़ानें भी शुरू करने जा रही है। बता दें कि कमर्शियल फ्लाइट्स 25 मार्च से ही बंद हैं। अब एयर इंडिया 19 मई से आंशिक तौर पर घरेलू उड़ानों को शुरू करने जा रही है। हालांकि इसके लिए यात्रियों को कई तरह की शर्तों का पालन करना होगा। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने इसके लिए संबंधित हितधारकों से स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसेजर पर सुझाव मांगे हैं। एयर इंडिया देश के विभिन्न हिस्सों में फंसे हुए लोगों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए 19 मई से 2 जून तक एक विशेष अभियान चलाएगी। ज्यादातर उड़ानें, दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, बेंगलुरु और चेन्नै के लिए होंगी। कोच्चि से चेन्नै के लिए 19 मई को एक उड़ान, दिल्ली के लिए 173 उड़ानें, मुंबई के लिए 40, हैदराबाद के लिए 25, कोच्चि के लिए 12 उड़ानें संचालित होंगी। लेकिन हम नागरिक उड्डयन मंत्रालय के आदेश का इंतजार कर रहे हैं।

### इन नियमों का करना होगा पालन



- फ्लाइट के समय से कम से कम 2 घंटे पहले पहुंचने की व्यवस्था हो सकती है।
- शुरुआत में सिर्फ वेब चेक-इन को इजाजत दिए जाने की संभावना है।
- इसके अलावा यात्रियों के लिए टर्मिनल में प्रवेश से पहले मास्क, ग्लव्स जैसे सुरक्षा के उपायों से लैस होने को कहा जा सकता है।

# आर्थिक पैकेज का मुख्यमंत्री योगी और स्वतंत्रदेव सिंह ने जताया आभार

**डेली संवाद, लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 20 लाख करोड़ रुपये के विशेष आर्थिक पैकेज और विशेष रियायतों वाले लॉकडाउन-4 की घोषणा का स्वागत करने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया है। वहीं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह ने आभार जताते हुए कहा कि अब आत्मनिर्भर भारत का स्वप्न जल्द साकार होगा। मंगलवार को देश की जनता को प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन के बाद मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि कोविड-19 से उत्पन्न परिस्थितियों से निपटने और देश को आत्मनिर्भर बनाने में यह विशेष आर्थिक पैकेज मील का पत्थर सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जो लोग हिम्मत खो रहे थे, उनको इस आर्थिक पैकेज से



काफी सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने जो आर्थिक पैकेज दिया है, उससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को काफी सहायता मिलेगी। योगी ने कहा, ÷हम सभी आभारी हैं कि पीएम मोदी ने कोरोना संकट से उबरने के लिए गरीबों, किसानों, मजदूरों, छोटे उद्योगों, प्रतिदिन कमाने वाले और प्रवासी श्रमिकों के लिए बहुत बड़े आर्थिक पैकेज की घोषणा की है।

### यह सुनिश्चित किया कि कोई श्रमिक पैदल न आएः योगी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रवासी श्रमिक किसी भी दशा में पैदल न आए। योगी ने बुधवार को लोक भवन में एक उच्च स्तरीय बैठक में लॉकडाउन व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि कोई श्रमिक पैदल न आये। उनके लिए वाहन उपलब्ध करवाये जाएं। सभी प्रवासी कामगारों/श्रमिकों की स्क्रीनिंग कर उन्हें क्वारंटीन किया जाए। अस्वस्थ होने की दशा में इनके उपचार की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि प्रवासी श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए वृहद कार्ययोजना बनायी जाय। प्रदेश में रह रहे अन्य राज्यों के श्रमिकों को उनके गृह राज्य में भेजने के लिए सम्बन्धित राज्य से सूची उपलब्ध कराई जाए। दुकानों, मण्डियों, बैंक शाखाओं आदि में सोशल डिस्टेंसिंग का सख्ती से पालन कराया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी लोग मास्क अवश्य पहनें। गांव तथा शहर में सर्विलांस कार्य को और प्रभावी करने के लिए निगरानी समितियों को सुदृ बनाया जाए। योगी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेल्प लाइन के द्वारा निगरानी समितियों के सदस्यों से संवाद जारी रखा जाए।





